**भारत सरकार** **लोक सभा**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 4301**

**वाणिज्य विभाग**

**दिनांक 19 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# भारत पर अमेरिकी प्रशुल्क

**4301. एडवोकेट अदूर प्रकाश:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1 अगस्त 2025 से भारत पर 25 प्रतिशत प्रशुल्क और रूस के साथ व्यापार करने के लिए भी अतिरिक्त शास्तियां लगाई हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के दौरान प्रशुल्क लगाने पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार ने भारत पर प्रशुल्क लगाने के प्रभाव की समीक्षा की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार संयुक्त राज्य अमेरिका के इस एकतरफा निर्णय के विरुद्ध किसी जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) और (ख) भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर दिनांक 7 अगस्त, 2025 से 25% की दर से पारस्परिक प्रशुल्क लगाया गया है। इसके अलावा, भारत से निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर दिनांक 27 अगस्त, 2025 से 25% की अतिरिक्त यथामूल्य शुल्क दर लगाई गई है। सरकार ने अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रशुल्क पर ध्यान दिया है।

(ग) और (घ) यह आकलन किया गया है कि अमेरिका को भारत से लगभग 48.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का पण्यवस्तु निर्यात (वर्ष 2024 के व्यापार मूल्य के आधार पर) उपरोक्त अतिरिक्त प्रशुल्कों के अध्यधीन होगा। सरकार देश के राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए तथा हमारे किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, एमएसएमई और उद्योग के सभी वर्गों के कल्याण की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है और उचित निर्यात संवर्धन एवं व्यापार विविधीकरण के माध्यम से व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में मदद करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाती है।

*****